मुख्यमंत्री ने नवीन 100 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स का शुभारंभ किया

उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों से संवदेनशीलता, अनुशासन व साहस के साथ कार्य करने का आह्वान किया

जयपुर, 18 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति में शक्ति की आराधना का पावन पर्व नवरात्र मातृ शक्ति के सम्मान और सुरक्षा सर्वोपरि की सीख देता है। इसी भावना के साथ राज्य सरकार महिला एवं बालिका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, ताकि वे बिना किसी भय के शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक गतिविधियों में और आगे बढ सकें।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घोषणा की कि कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स को भी प्रतिमाह थाने व चौकियों पर पद स्थापित कांस्टेबल, हैड कांस्टेबल व एएसआई की तरह निश्चित यात्रा भत्ता दिया जाएगा।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नवीन 100 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने रविवार को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में नवीन कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स एवं महिला यूथ सीएलजी सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स की महिला पुलिसकर्मियों से संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और साहस के साथ कार्य करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स की महिला पुलिसकर्मियों और प्रदेशभर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुडी महिला यूथ सीएलजी सदस्यों से संवाद करते हुए उनके सुझाव एवं अनुभव सुने। इसके बाद मुख्यमंत्री ने नवीन 100 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स का मनोबल बढाने के लिए उन्हें प्रतिमाह थाने एवं पुलिस चौकी में पदस्थापित कॉन्स्टेबल, हेड कॉन्स्टेबल और एएसआई की तरह निश्चित यात्रा भत्ता देने की घोषणा भी की।

उन्होंने कहा कि कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराधों की रोकथाम, असामाजिक तत्वों में कानून का भय और महिलाओं में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना पैदा करना भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स द्वारा 55 हजार से अधिक असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 50 लाख महिलाओं एवं बालिकाओं को कानून और 18 लाख से अधिक को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया है। इसी प्रकार लगभग 16 लाख 70 हजार से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी दिया गया है।

कार से टकराकर पलटी स्कॉर्पियो

जयपुर, 18 अक्टूबर। मानसरोवर में बीटू बाइपास पुलिया पर रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे कार और स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। स्कॉर्पियो सवार छत्तीसगढ़ पुलिस के चार-पांच जवानों को मामूली चोटें आईं।

सांगानेर थाने के हेड कांस्टेबल हरिराम ने बताया कि मानसरोवर की ओर से एक कार पुलिया से गुजर रही थी। इसी दौरान सांगानेर की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो घुमाव पर कार से टकरा गई। टक्कर से बचने के प्रयास

- **छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मी घायल।**

में स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से वाहन में सवार घायल लोगों को बाहर निकाला गया। इसके बाद वहां से गुजर रही क्रेन की मदद से स्कॉर्पियो को सीधा करवाकर सड़क किनारे खड़ा कराया गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि स्कॉर्पियो में छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान सवार थे, जो एक लड़की की तलाश में जयपुर आए थे। पुलिस हादसे के संबंध में पड़ताल कर रही है।

दो करोड़ रूपए के ''जैम्स'' चोरी करने वाली गुजराती महिला गिरफ्तार

पुलिस ने महिला की निशानदेही से चोरी गए समस्त कीमती रत्न बरामद कर लिए

- **कारोबारी के साथ यह घटना गोपाल जी के रास्ते से सांगानेरी गेट के बीच ई-रिक्शा पर यात्रा करते समय हुई थी। महिला भी उसी ई-रिक्शा में सफर कर रही थी।**

जयपुर, 18 अक्टूबर। माणक चौक थाना पुलिस और जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने ई-रिक्शा में सफर कर रहे जेमस्टोन कारोबारी के बैग से करोड़ों रुपए के कीमती रत्न चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए गुजरात निवासी महिला आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दो करोड़ रुपए से अधिक कीमत के चोरी हुए रत्न शत-प्रतिशत बरामद कर लिए हैं। मामले में पुलिस अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

जयपुर उत्तर के पुलिस उपायुक्त करण शर्मा ने बताया कि 15 अक्टूबर को माणकचौक थाने में जेमस्टोन कारोबारी ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह रत्नों के कारोबार में दलाली का काम करता है और विभिन्न व्यापारियों के कीमती रत्नों के पैकेटों का लेन-देन और परिवहन करता है। रिपोर्ट के अनुसार, 15 अक्टूबर को दोपहर करीब 2:21 बजे वह ई-रिक्शा में गोपाल जी के रास्ते से सांगानेरी गेट की ओर जा रहा था। उसके पास जेमस्टोन के 13 पैकेट थे, जिन्हें अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। चोरी हुए माल में 11.52 कैरेट के दो एमरल्ड राउंड, 144.60 कैरेट की चार एमरल्ड मणियां और 942.52 कैरेट वजन के एमरल्ड के 11 अन्य पैकेट शामिल थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए माणक चौक थाना अधिकारी राकेश ख्यालिया तथा डीएसटी प्रभारी दिलीप सोनी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच में परिवादी के साथ ई-रिक्शा में सफर कर रही एक संदिग्ध महिला की पहचान हुई।

माणकचौक थानाधिकारी राकेश ख्यालिया के अनुसार महिला पहचान छिपाने और पुलिस से बचने के लिए मुख्य बाजार की गलियों में बार-बार ऑटो और ई-रिक्शा बदल रही थी। तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर तंत्र से उसके गुजरात निवासी होने तथा वारदात के बाद सायपुरा की झुग्गी-बस्ती में छिपने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया।

वोट चोरी में मोदी, शाह व ज्ञानेश को न्याय का सामना करना पड़ेगा- राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गोवा के मडगाँव में एक जनसभा को संबोधित किया

- **गोवा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने गोवा को भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया है।**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एस.आई.आर. को लेकर पीएम मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को न्याय का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की एक्सपायरी डेट करीब आ रही है।

गोवा के मडगांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल ने भाजपा पर चुनावी धांधली, भ्रष्टाचार और छात्र प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने मतदाताओं से 2027 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देने की अपील की।

राहुल गांधी ने सवाल उठाते हुए कहा कि वोट चोरी के उनके आरोपों को लेकर उनके खिलाफ कोई मानहानि का मुकदमा क्यों नहीं दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ 45 से ज्यादा मानहानि के मुकदमे चल रहे हैं, जो अमित शाह, नरेंद्र मोदी और अन्य लोगों ने दर्ज कराए हैं। इन 45 मुकदमों के बावजूद, मैं हर मौके पर कहता रहता हूं कि नरेंद्र मोदी वोट चुराते हैं। फिर भी, इस दावे को लेकर मेरे खिलाफ कोई अलग से मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

पीएम मोदी पर तंज कसते हुए राहुल गांधी ने कहा उनका 56 इंच का सीना कहां गया? शायद आपने ध्यान नहीं दिया, लेकिन क्या आपने हाल ही में मोदी जी का चेहरा देखा है? आजकल, मोदी जी हमारे सामने खड़े भी नहीं हो सकते। वे और अमित शाह जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें चुनौती दी है और उन्हें घेर लिया है।

दिल्ली में छात्रों के विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा, आज दिल्ली में जो हो रहा है, उसे देखिए। छात्रों पर पैलेट गन चलाई जा रही हैं, क्योंकि वे वोट की चोरी, रोजगार और शिक्षा की बढ़ ती लागत को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

गोवा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने गोवा को भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया है। उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस का समर्थन करने की अपील की और जमीन के उपयोग में बदलाव, जमीन हड़पने के आरोपों, बेरोजगारी और वहां के निवासियों के अपमान का मुद्दा उठाया।

कार ने सड़क पर काम कर रहे मनरेगा मजदूरों को कुचला

संगरूर, 18 अक्टूबर। पंजाब के संगरूर स्थित लहरागागा-जाखल मार्ग पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में नौ मनरेगा मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक घटना लहरा के गांव अलीशेर और चोटियां के नजदीक हुई।

जानकारी के मुताबिक, घटना के वक्त करीब 23 महिला और पुरुष मजदूर सड़क निर्माण कार्य में जुटे हुए थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित और बेहद तेज रफ्तार कार ने वहां काम कर रहे मजदूरों को कुचल दिया। बताया जा रहा है कि मरने वालों में अधिकतर महिला मजदूर हैं। फिलहाल इनकी पहचान नहीं हुई है।

लेह में उच्च न्यायालय ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लगने वाले समय, खर्च और परेशानियों से राहत मिलेगी। जस्टिस कांत ने इस उद्घाटन को एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने 1870 में लेह में एक विशेष अदालत की स्थापना का जिक्र किया, जिसकी भौगोलिक चुनौतियां पीढ़ि यों तक बनी रहीं। उन्होंने कहा कि लगभग एक सदी तक, लद्दाख के लिए काम करने वाला हाई कोर्ट महान हिमालय के उस पार स्थित था, जहां सर्दियों में केवल हवाई मार्ग से पहुंचा जा सकता था।

जस्टिस कांत ने जोर देकर कहा कि यह बेंच लेह और करगिल दोनों जिलों की समान रूप से है। इसका असली मकसद तभी पूरा होगा जब लद्दाख के हर कोने के लोग इस संस्था को अपना मानने लगेंगे। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट लद्दाख से जुड़े सभी मामलों को एक ही दिन सूचीबद्ध करेगा और वर्चुअल तरीके से उनकी लगातार सुनवाई करेगा। इससे लेह और करगिल बार एसोसिएशन के वकील लद्दाख छोड़े बिना ही सुप्रीम कोर्ट में मामलों की पैरवी कर सकेंगे।

''सिविल रिट'' ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ताकि मामलों की सुनवाई जल्दी की जा सके। अंततोगत्वा सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था। हालांकि पूर्व कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा के रिटायरमैंट के तुरंत बाद ही मेघराज सिंह की ओर से जोधपुर हाईकोर्ट की खण्डपीठ के समक्ष दायर आवेदन व याचिका को भी वापस ले लिया था।

कांग्रेस चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से संपर्क करने और मतदाता सूची से नाम कटने की शिकायतों को उठाने पर जोर रहेगा।

पार्टी की योजना के मुताबिक, 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक गांवों और बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाना है। इससे पहले अक्टूबर में ब्लॉक स्तर पर पदयात्राओं तथा दूसरे कार्यक्रमों के जरिए अभियान को आगे बढ़ ाने की रूपरेखा बनाई गई थी।

एक तरफ विरोध-प्रदर्शनों की रणनीति में बदलाव के संकेत हैं, वहीं कांग्रेस में संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पार्टी में सचिव पद के उम्मीदवारों के इंटरव्यू शुरू हो चुके हैं। संगठन में नियुक्तियों की प्रक्रिया को आगे बढ़ ाने के साथ पार्टी नेतृत्व की कोशिश संगठनात्मक ढ ांचे को मजबूत करने की है।

तमिलनाडु में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वजन करीब पांच किलोग्राम था। इनमें सफेद क्रिस्टलीय पदार्थ मिला, जिसके उच्च शुद्धता वाले मेथामफेटामाइन होने का संदेह है। अधिकारियों ने इसे स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के तहत जब्त किया।

कोलकाता में दुर्गापूजा पंडालों की सुरक्षा की जाँच के लिए विशेष टीम गठित

- **मुख्यमंत्री ने शनिवार के हादसे में मृतकों के परिवारों को 25 लाख रूपए की सहायता व एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा की**
- **कोलकाता में मौजूद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम रद्द करके घायलों से मिलने अस्पताल पहुँचे तथा प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।**

कोलकाता, 18 अक्टूबर। उत्तर कोलकाता के चोरबागान में दुर्गापूजा मंडप में हुए भीषण हादसे के बाद राज्य प्रशासन ने शहर के अन्य बड़े पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार रात ही कोलकाता के प्रमुख दुर्गापूजा पंडालों की व्यवस्थाओं की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की। टीम की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित पूजा समितियों को आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसके साथ ही हादसे की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की भी घोषणा की गई है। इसमें एसटीएफ, सीआईडी सहित विभिन्न एजेंसियों के अधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने पूजा समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि निरीक्षण दल की सिफारिशों का पालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी पंडाल की संरचना कमजोर है और उसमें बदलाव करने से उसके क्षतिग्रस्त होने या गिरने का खतरा है, तो वहां केवल पुरोहितों के जरिए पूजा और संकल्प कराया जा सकता है। श्रद्धालुओं के लिए बाहर एलईडी स्क्रीन लगाकर पंडाल के भीतर के कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा सकता है।

पाकिस्तान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इमारतों में शामिल है, जिन्हें ईटीपीबी ने सांस्कृतिक विरासत की संपत्ति के रूप में चिह्नित किया है।

ईटीपीबी पाकिस्तान सरकार का एक निकाय है, जो 1947 के विभाजन के बाद भारत चले गए लोगों की छोड़ी हुई संपत्तियों की देखरेख करता है।

ऑल पाकिस्तान हिंदू राइट्स मूवमेंट के अध्यक्ष हारून सरब डायल ने बताया कि रामलीला मंदिर डेरा इस्माइल की ऐतिहासिक व धार्मिक विरासत का हिस्सा है।

भारत में सत्ता परिवर्तन केवल लोकतांत्रिक चुनावों से संभव- रिजिजू

- **उन्होंने कहा कि बाँग्लादेश व फ्रांस जैसी हिंसा भारत में करने की साजिश थी**
- **केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि खतरनाक साजिश करने वाले भूल गए कि यह भारत है, बाँग्लादेश या फ्रांस नहीं।**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को दावा किया कि भारत में भी ठीक वैसी ही हिंसा, आगजनी और लूटपाट की साजिश रची गई थी, जैसी हाल ही में बांग्लादेश और फ्रांस में देखने को मिली। भारत-विरोधी ताकतों और कुछ राजनेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में सत्ता परिवर्तन विदेशी साजिशों से नहीं बल्कि केवल लोकतांत्रिक चुनावों से ही संभव है।

रिजिजू ने आरोप लगाया कि देश का माहौल बिगाड़ने के लिए एक सोची-समझी रणनीति तैयार की गई थी। उन्होंने कहा, "भारत-विरोधी गिरोहों और कुछ राजनेताओं ने मिलकर युवाओं को भड़काने और देश की सड़कों पर हिंसा फैलाने की योजना बनाई थी।" उनका इशारा स्पष्ट रूप से उन ताकतों की ओर था जो देश में अस्थिरता पैदा करना चाहती हैं। केंद्रीय मंत्री ने कड़े लहजे में कहा कि साजिशकर्ता यह भूल गए कि भारत की स्थिति और लोकतांत्रिक जड़ें बहुत मजबूत हैं। उन्होंने कहा, "खतरनाक साजिश रचने वाले यह भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस।"

महाराष्ट्र ने चुनाव आयोग से तीन संशोधनों की मांग की

फार्म 6 के लिए प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य सूची से हटाए गए नागरिकों को सुविधा देना है

- **फार्म 6 में आवेदक को यह घोषणा करनी पड़ती है कि वे पहली बार पंजीकरण करा रहे हैं। जिनके नाम पहले मतदाता सूची में थे, वे यह फार्म भरने में हिचकिचा रहे हैं, क्योंकि मतदाता सूची के संबंध में गलत घोषणा करना दंडनीय अपराध है।**

मुंबई, 18 अक्टूबर। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग को फॉर्म 6 के प्रारूप में तीन प्रमुख संशोधन करने का प्रस्ताव भेजा है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य उन पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में आसानी से पुन: शामिल होने की सुविधा प्रदान करना है, जिनके नाम एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची की सफाई के समय सूची से हटा दिए गए थे।

वर्तमान व्यवस्था के तहत, फॉर्म 6 का इस्तेमाल मुख्य रूप से उन नागरिकों द्वारा किया जाता है जो पहली बार मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण कराना चाहते हैं। हालांकि, इलैक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ई.सी.आई.) ने उन मतदाताओं को भी फिर से सूची में जुड़ने के लिए इसी फॉर्म का उपयोग करने का निर्देश दिया था जिनके नाम एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हटा दिए गए थे।

इस निर्देश के कारण एक गंभीर व्यावहारिक और कानूनी संकट पैदा हो गया।फॉर्म 6 में आवेदकों को यह घोषणा करनी पड़ती है कि वे पहली बार पंजीकरण करा रहे हैं। जिन मतदाताओं के नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज थे, वे इस फॉर्म को भरने में हिचकिचा रहे हैं। उन्हें डर है कि खुद को पहली बार पंजीकरण कराने वाला बताना गलत बयानबाज़ी माना जाएगा।

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के अनुसार, मतदाता सूची के संबंध में जानबूझकर झूठी या गलत घोषणा करना एक दंडनीय अपराध है। इसके तहत दोषी पाए जाने पर एक साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

इसी कानूनी दंड के डर से चुनाव अधिकारियों को पूर्व-पंजीकृत मतदाताओं को पुन: आवेदन करने के लिए सहमत करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस कानूनी उलझन को दूर करने के लिए महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ईसीआई से फॉर्म 6 में तीन बदलाव करने की सिफारिश की है।

महाराष्ट्र में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजमार्ग पर शिंदेवाड़ी फाटा के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही एसटी बस से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार गजानन रामदास सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू

- **एक परिवार के 6 लोग कार से तुलजापुर दर्शन के लिए जा रहे थे, जब कार अनियंत्रित होकर एसटी बस से टकरा गई।**

किया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फिलहाल माजलगांव ग्रामीण पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जंक्शन पर चक्का जाम कर दिया, जिससे हाईवे पर घंटों यातायात बाधित रहा।

सैटेलाइट सिस्टम पर प्रतिबंधों के कारण हम रूस के ड्रोन हमले नहीं रोक पा रहे- ज़ैलैंस्की

यूक्रेन अभी यह पता लगा रहा है कि प्रतिबंध ट्रंप प्रशासन के कारण है या एलन मस्क के कारण

- **एक यूक्रेनी अधिकारी ने कहा कि स्पेस एक्स कंपनी कहती है कि तकनीकी समस्या है, हमारे सूत्र कहते हैं वाइट हाउस के निर्देश पर हो रहा है। अमेरिका कहता है एलन मस्क जिम्मेवार हैं।**

कीव (यूक्रेन)/वाशिंगटन (अमेरिका), 18 अक्टूबर। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ैलैंस्की ने कहा कि एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के सैटेलाइट सिस्टम के इस्तेमाल पर यूक्रेन के लिए अभी भी कुछ प्रतिबंध हैं। इस वजह से देश की सेना न तो रूसी हमलावर ड्रोन को रोकने के लिए अपने ड्रोन का इस्तेमाल कर पा रही है और न ही फ्रंट लाइन पर तैनात सैनिकों तक जरूरी सामान पहुंचाने के लिए इनका उपयोग कर पा रही है। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि वह अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ये प्रतिबंध ट्रंप प्रशासन के किसी राजनीतिक फैसले की वजह से हैं या मस्क की वजह से।

एक्सिओस की रिपोर्ट के अनुसार, इस संबंध में ट्रंप प्रशासन और स्पेसएक्स के अधिकारी एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। एक यूक्रेनी अधिकारी ने कहा, "स्पेसएक्स कंपनी का कहना है कि यह एक तकनीकी समस्या है। लेकिन कंपनी में हमारे संपर्क सूत्र बताते हैं कि यह वाइट हाउस की तरफ से हो रहा है। जब हम वाइट हाउस से पूछते हैं, तो वे कहते हैं कि यह एलन मस्क की तरफ से है।"

मस्क ने बुधवार को एक्स पोस्ट में कहा कि स्टारशील्ड सिस्टम में रुकावट डालने में अमेरिकी सरकार शामिल थी। उन्होंने लिखा, "स्टारशील्ड सिस्टम अमेरिकी सरकार के स्वामित्व में है और उसी के नियंत्रण में है। इसकी स्पीड या इस्तेमाल पर कोई भी पाबंदी अमेरिकी सेना और अंतत: अमेरिकी राष्ट्रपति तय करते हैं।" राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन के इस सिस्टम के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाने में वाइट हाउस का कोई हाथ नहीं है।

यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि प्रतिबंध लगने से पहले स्टारलिंक और स्टारशील्ड नेटवर्क उन ड्रोन पर भी काम करते थे जो 400 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलते थे। अब इसे 161 किलोमीटर प्रति घंटे तक सीमित कर दिया गया है। जेलेंस्की ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि देश की सेना ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ के देशों में कारों के जरिए इस सिस्टम का परीक्षण किया। जब कारें 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थीं, तब भी सैटेलाइट सिस्टम काम कर रहा था। लेकिन जैसे ही कारें यूक्रेन की सीमा में दाखिल हुईं, 161 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर सिस्टम डिस्कनेक्ट हो गया।

जैलैंस्की ने कहा, "निष्कर्ष यह है कि ये प्रतिबंध यूक्रेन के अंदर तो लागू हैं, लेकिन यूरोपीय संघ के देशों में नहीं। दूसरे शब्दों में कहें तो, यह एक सुनियोजित कदम है।" जैलैंस्की ने स्पेसएक्स के इस दावे पर भी संदेह जताया कि स्पीड लिमिट तकनीकी समस्याओं की वजह से लगी है। उधर, अमेरिकी विदेशमंत्री मार्क रुबियो ने शनिवार शाम भारत यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा "उन्हें यकीन नहीं है कि जैलैंस्की को पता भी है कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं।" रुबियो ने कहा कि अमेरिकी सरकार में किसी ने भी स्टारलिंक की स्पीड कम करने का आदेश नहीं दिया था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908